न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी जिला डीडवाना–कुचामन (राज.)

पीठासीन अधिकारी :– **श्री सुनील कुमार I** (RAS)
राजस्व वाद–पत्र संख्या :– **159/2023** GCMS 2023/421

प्रार्थी :–

1. भंवरलाल पुत्र नानूराम जाति कुमावत निवासी कुचामन सिटी
2. बन्नाराम पुत्र नानूराम जाति कुमावत निवासी कुचामन सिटी
3. नाथीदेवी पत्नी नानूराम जाति कुमावत निवासी कुचामन सिटी
4. मदनलाल पुत्र नानूराम
5. अर्जनराम पुत्र नानूराम
6. लिछमणराम पुत्र गंगाराम
7. रतनीदेवी पत्नी लिछमणराम
8. भींवाराम पुत्र लिछमणराम
9. गोपाल पुत्र सुजाराम
10. गोरधन पुत्र सुजाराम
11. बरजीदेवी पत्नी सुजाराम प्रार्थी संख्या 4 ता 11 जाति कुमावत निवासी भंवरपुरा(उगरपुरा) तहसील कुचामन सिटी

अप्रार्थी :–

1. राजस्थान सरकार जरिए प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामन सिटी

प्रार्थना–पत्र रिकॉर्ड दुरूस्ती शुद्धि बाबत् अन्तर्गत धारा 136 आरएलआर एक्ट 1956

उपस्थित :– श्री राजेश गुर्जर अधिवक्ता प्रार्थी की ओर से
राजपैरोकार तहसीलदार कुचामन सिटी

–:निर्णय :–

दिनांक :– 29/11/2024

Signature Not Verified
Digitally signed by Sunil Kumar
Date: 2024.12.13 11:45:50 IST
Reason: SelfAttested

वकील प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–[illegible] ओर में सार इस प्रकार है कि ग्राम कुचामन सिटी तहसील कुचामन सिटी की [illegible] में कृषि भूमि खसरा नम्बर 1115 रकबा 0.53 हैक्टयर स्थित चली आ रही [illegible] उपरोक्त खसरा नम्बर की भूमि में प्रार्थीगण के पिता/दादा/ससुर स्व0 गंगाराम पुत्र बिंजाराम की खातेदारी दर्ज चली

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

आ रही है, तथा पिता/दादा/ससुर गंगाराम पुत्र बिंजाराम का स्वर्गवास दिनांक 02.01.1985 का हो गया है, तत्पश्चात उक्त भूमि पर हम उत्तराधिकारी वारीसान का कब्जा काश्त चला आ रहा है। उपरोक्त भूमि में प्रार्थीगण के पिता/दादा/ससुर का खातेदारी में नाम मंगलाराम पुत्र बिंजाराम दर्ज चला आ रहा है। उपरोक्त भूमि में हम प्रार्थीगण के पिता/दादा/ससुर का नाम खातेदारी में मंगलाराम पुत्र बिंजाराम दर्ज चला आ रहा है जबकि प्रार्थीगण के पिता/दादा/ससुर का वास्तविक नाम गंगाराम पुत्र बिंजाराम है। प्रार्थीगण के पिता/दादा/ससुर का मृत्यु प्रमाण–पत्र व अन्य खतौनीयों में आदि में नाम गंगाराम पुत्र बिंजाराम नाम दर्ज है। प्रार्थीगण के पिता का नाम मंगलाराम पुत्र बिंजाराम के स्थान पर गंगाराम पुत्र बिंजाराम देह खातेदार नाम दुरूस्त किया जाना आवश्यक है। उपरोक्त भूमि में प्रार्थी संख्या 01 ता 11 के पिता/दादा/ससुर मंगलाराम पुत्र बिंजाराम के स्थान पर गंगाराम पुत्र बिंजाराम किया जाना आवश्यक है जिससे प्रार्थीगण का नाम नामान्तरकरण में दर्ज हो सके व लोन आदि लेने में सुविधा हो सके इसलिए यह रेकर्ड शुद्धि हेतु प्रार्थना–पत्र लाया जाना आवश्यक हुआ है। वर्णित भूमि में राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीगण संख्या 01 ता 11 के पिता/दादा/ससुर मंगलाराम पुत्र बिंजाराम के स्थान पर गंगाराम पुत्र बिंजाराम खातेदारी में दर्ज किया जावे इसलिए यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर राजस्थान सरकार जरिए प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामन सिटी को नोटिस/तहरीर जारी कर रिपोर्ट प्राप्त की गई। तहसीलदार कुचामन सिटी द्वारा रिपोर्ट पेश की गई।

वकील प्रार्थी व राजपैरोकार की बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने बहस के दौरान प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों व राजपैरोकार ने तहसीलदार रिपोर्ट को दोहराया। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। कुचामन सिटी तहसील कुचामन सिटी की सरहद में कृषि भूमि खसरा नम्बर 1115 रकबा 0.53 हैक्टयर में प्रार्थीगण 01 ता 11 के पिता/दादा/ससुर मंगलाराम पुत्र बिंजाराम के स्थान पर गंगाराम पुत्र बिंजाराम दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sunil Kumar
Date: 2024.12.13 11:45:50 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

–:आदेश :–

कस्बा कुचामन सिटी तहसील कुचामन सिटी की सरहद में कृषि भूमि खसरा नम्बर 1115 रकबा 0.53 हैक्टयर में प्रार्थीगण 01 ता 11 के पिता/दादा/ससुर मंगलाराम पुत्र बिंजाराम के स्थान पर गंगाराम पुत्र बिंजाराम दुरूस्त किये जाने का आदेश दिया जाता है। तहसीलदार कुचामन सिटी आदेश की पालना कर रिपोर्ट पेश करें।

निर्णय आज दिनांक 29/11/2024 को सरे इजलास सुनाया गया।

(सुनील कुमार I.RAS)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (डीडवाना–कुचामन)

उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (डीडवाना–कुचामन)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sunil Kumar
Date: 2024.12.13 11:45:50 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी जिला (डीडवाना–कुचामन) राज.

क्रमांक/कोर्ट/2024/811 दिनॉकः– 29/11/24

प्रेषित :– तहसीलदार
कुचामनसिटी

विषय :– राजस्व प्रार्थना–पत्र सं. 159/2023 **GCMS 2023/421** भंवरलाल वगैराह बनाम राजस्थान सरकार जरिए प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामन में पारित निर्णय की पालना बाबत।

–x– x–x–x –

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रार्थना पत्र सं. 159/2023 **GCMS 2023/421** भंवरलाल वगैराह बनाम राजस्थान सरकार जरिए प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामन सिटी वगैरह में निर्णय आदेश की पालना बाबत प्रति भिजवाई जा रही है। पालना कर रिपोर्ट भिजवाये।

सलंग्नः–उपरोक्तानुसार।

उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (डीडवाना–कुचामन

उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (डीडवाना-कुचामन)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sunil Kumar
Date: 2024.12.13 11:45:50 IST
Reason: SelfAttested